● मंत्री आशुतोष टंडन ने न्यू अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव में की शिरकत ● नगर विकास विभाग और सेकी के बीच एमओयू साइन

# प्रदेश के पहले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का करार



**अर्बन कॉन्क्लेव**

**लखनऊ | विशेष संवाददाता**

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे न्यू अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव के दूसरे दिन नगर विकास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन विभाग के मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा है कि सोलर एनर्जी कारपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) की मदद से निकायों में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कानपुर से होगी। फिर प्रयागराज में प्लांट स्थापित होगा।

नगर विकास मंत्री ने यह बातें प्रदेश सरकार के नगर विकास विभाग और सेकी के बीच बुधवार को हुए करार के दौरान कहीं। एक्सपो के दूसरे दिन इस एमओयू पर हस्ताक्षर और आदान-प्रदान हुआ। उन्होंने कहा कि म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट के निस्तारण में भी यह एमओयू काफी मददगार साबित होगा। देश में पिछले सात साल में और यूपी में बीते साढ़े चार साल में शहरीकरण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए हैं। टंडन ने कहा कि पीएम शहरी आवास योजना, पीएम स्वनिधि, स्मार्ट सिटी सहित तमाम केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में यूपी पहले पायदान पर है। कारपोरेशन द्वारा देश के किसी भी राज्य के साथ किया गया यह पहला एमओयू है। इससे प्रदेश को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थापना के साथ ही रिन्यूएबल एनर्जी और ई-मोबिलिटी क्षेत्र में भी मदद मिलेगी।

**अगले साल दिसंबर में चलेगी पहली रैपिड रेलः** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने कहा कि दिसंबर 2022 में देश में पहली रैपिड रेल चलेगी। इस करार से सोलर के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ ही सॉलिड वेस्ट के निस्तारण और शहरी गतिशीलता के क्षेत्र में बदलाव होगा।



लखनऊ में बुधवार को अर्बन इंडिया कॉन्क्लेव में नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन की मौजूदगी में यूपी और सेकी के बीच करार हुआ। अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे और सेकी के कार्यकारी निदेशक संजय शर्मा ने करार पर हस्ताक्षर किए।

## प्रदेश को मिलेगा लाभ

सेकी से हुए करार से प्रदेश को कई लाभ होंगे। इसकी मदद से पारदर्शी तरीके से ई-बिलिंग प्रक्रिया पूरी करने, विस्तृत कार्ययोजना तैयार कराने के साथ ट्रांजेक्शन एडवाइजरी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की सफलता के लिए सेकी यूपी पॉवर कारपोरेशन के साथ भी समन्वय करेगा। पीपीपी मोड पर वेस्ट टू एनर्जी संयंत्रों की स्थापना करने वाले डेवलपर का चयन शहरी निकायों की ओर से सेकी द्वारा किया जाएगा। नगर विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे और सेकी के कार्यकारी निदेशक संजय शर्मा ने करार पर हस्ताक्षर किए।

## स्मार्ट सिटी कार्यालय देखने पहुंचे अधिकारी

लखनऊ। अर्बन इण्डिया कान्क्लेव में शामिल होने पहुंचे कई राज्यों के मंत्रियों व अधिकारियों ने बुधवार को राजधानी में हो रहे स्मार्ट सिटी के कामों को देखा। वह स्मार्ट सिटी कार्यालय भी पहुंचे। हिमाचल प्रदेश के नगर विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने यहां लगी हेल्थ एटीएम मशीन से अपना चेकअप भी किया गया। इसकी रिपोर्ट तत्काल ही प्रिन्ट होकर मिल गयी।

## डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना जरूरी

लखनऊ। तरक्की के लिए डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना जरूरी है। मौजूदा समय ऑनलाइन मार्केटिंग का जमाना है। इसलिए हमें भी डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना चाहिए। यह बातें आजीविका बढ़ाने में डिजिटल अर्थव्यवस्था के महत्व पर आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कही। परिचर्चा में सीजीएम सिडबी विवेक कुमार मेहरोत्रा, सीजीएम रिटेल असिस्टेंड बैंक ऑफ बड़ौदा डा. रामजस यादव, उप निदेशक शहरी प्रबंधन केंद्र मेघना मेहरोत्रा आदि ने अपने विचार रखे।

ORDER ONLINE FROM
SWIGGY

खोज-बीन...
बेहतरीन की!